तथ्य पत्रक

# my health ऐप

## my health ऐप क्या है?

**my health** ऐप आपको अपने मोबाइल फोन या डिवाइस का उपयोग करके My Health Record जानकारी को एक्सेस, डाउनलोड, संग्रहीत और साझा करने की सुविधा प्रदान करती है। **my health** ऐप का उपयोग करने के लिए आपको इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है।

## my health ऐप के क्या लाभ हैं?

- आप **my health** ऐप का उपयोग My Health Record को सुरक्षित रूप से एक्सेस करने और देखने के लिए कर सकते/ती हैं।
- **my health** होम स्क्रीन पर मौजूद टाइलें आपको अधिक शीघ्र और आसानी से जानकारी का पता लगाने देती हैं।
- **my health** मेडिकल पृष्ठभूमि टाइमलाइन आपको आपकी मेडिकल हिस्ट्री तक शीघ्र और आसान एक्सेस प्रदान करती है।
- आप जानकारी को वर्ष और श्रेणी के अनुसार फ़िल्टर कर सकते/ती हैं।
- जहाँ भी आपको इंटरनेट की सुविधा प्राप्त है, **my health** ऐप विश्वभर में वहाँ काम करती है।

## क्या My Health Record की सभी विशेषताएँ ऐप पर उपलब्ध हैं?

कुछ विशेषताएँ समान हैं। आप मुख्य स्वास्थ्य जानकारी My Health Record (myGov के माध्यम से) और **my health**, दोनों में देख सकते/ती हैं। इसमें नैदानिक दस्तावेज़, मेडिकेयर दस्तावेज़ और आपके द्वारा शामिल की गई महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है। यदि आप किसी के नामांकित या अधिकृत प्रतिनिधि हैं, तो आप उनका रिकॉर्ड भी देख सकते/ती हैं।

लेकिन आप **my health** का उपयोग वर्तमान में जानकारी जोड़ने या कुछ रिकॉर्ड सेटिंग्स को प्रबंधित करने के लिए नहीं कर सकते/ती हैं। जानकारी जोड़ने या अपने रिकॉर्ड की सेटिंग प्रबंधित करने के लिए आपको myGov के माध्यम से My Health Record का उपयोग करना चाहिए।

## ऐप में कौन सी सुरक्षा संबंधी विशेषताएं हैं?

**my health** सुरक्षित और संरक्षित है। आप अपने डिवाइस की सुरक्षा के अलावा सुरक्षित 6-अंक वाला पिन सेट कर सकते/ती हैं। डिवाइस को दूसरों के साथ साझा करने से पहले ऐप से लॉग आउट करना अवश्य याद रखें। यह आपकी जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने में मदद करता है।

Australian Government
Australian Digital Health Agency

यदि आपको **my health** ऐप की सुरक्षा के बारे में कोई अन्य चिंताएँ है, तो आपको अपना पिन यथाशीघ्र बदल लेना चाहिए। आप ऐप के अकाउंट पेज में अपना पिन बदल सकते/ती हैं। यदि आप 5 मिनट तक इसका उपयोग नहीं करते/ती हैं, तो **my health** स्वतः आपको ऐप से लॉग आउट कर देगा।

## मैं my health ऐप से क्या डाउनलोड और साझा कर सकता/ती हूँ?

**my health** ऐप आपको अपने मोबाइल फ़ोन पर My Health Record से दस्तावेज़ डाउनलोड करने देता है। आप टीकाकरण के प्रामाणिक दस्तावेज़ और नैदानिक दस्तावेज़ के आइटम डाउनलोड कर सकते/ती हैं, जैसे ब्लड टेस्ट के परिणाम। आप इन्हें अपने फोन पर संभाल कर रख सकते/ती हैं। **my health** आपको अन्य लोगों या संगठनों के साथ दस्तावेज़ साझा करने की सुविधा भी देता है। जब भी आप साझा करने के लिए ऐप का उपयोग करते/ती हैं , तो आपको पॉप-अप अधिसूचना प्राप्त होगी। यह आपको अपनी जानकारी साझा करते समय सावधान होने का स्मरण करवाएगी।

## मुझे my health ऐप कहाँ मिल सकती है?

आप Google Play (Android डिवाइस के लिए) या App Store (Apple डिवाइस के लिए) में 'my health gov' ढूंढ कर ऐप को डाउनलोड कर सकते/ती हैं। ऐप डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें।

## अतिरिक्त संसाधन और सहायता

**my health वेबपेज:** www.digitalhealth.gov.au/myhealth

my Health ऐप ऑनलाइन प्रशिक्षण:
https://training.digitalhealth.gov.au/mod/page/view.php?id=1035

My Health Record हेल्प लाइन
1800 723 471 (विकल्प 1), सप्ताह में 7 दिन, 24 घंटे उपलब्ध।

ऑस्ट्रेलियाई डिजिटल स्वास्थ्य एजेंसी संपर्क फ़ॉर्म: www.digitalhealth.gov.au/contact-us

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा131 450
www.tisnational.gov.au/Help-using-TIS-National-services/Contact-TIS-National

राष्ट्रीय रिले सेवा

1300 555 727
www.accesshub.gov.au